**Dr. B. R. Ambedkar University of Social Sciences**
(State University, Government of M.P.)
डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय
(राज्य विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश शासन)

क्रमांक – ब्राउस/निदेशालय/पि.व.क.आ. परि./2023/2043 दिनांक 10.3.2023

# विज्ञापन

मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग, भोपाल की महत्वाकांक्षी शोध परियोजना "पिछड़े वर्गों का सामाजिक–आर्थिक, शैक्षणिक एवं राजनैतिक एवं पिछड़ेपन के कारणों हेतु सर्वेक्षण" के अन्तर्गत डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) को शोध परियोजना प्रो. डी.के. वर्मा, निदेशक, ब्राउस को अवार्ड की गयी है।

इस शोध परियोजना में पूर्णतः अस्थाई एवं केवल संबंधित परियोजना हेतु अधिकतम चार माह के लिये निम्नलिखित प्रोजेक्ट स्टॉफ की आवश्यकता है –

| क्रमांक | पदनाम | पद संख्या | सकल देय राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रोजेक्ट एसोसिएट/फील्ड वर्कर्स | 02 | रुपये 30,000/– प्रति माह |
| 2 | कम्प्यूटर आपरेटर | 01 | रुपये 12,000/– प्रति माह |

**न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं शर्तें –**

1. **प्रोजेक्ट एसोसिएट/फील्ड वर्कर्स** – सामाजिक विज्ञान संकाय के किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि उत्तीर्ण। फील्ड कार्य/शोध कार्य का अनुभव रखने वाले तथा आरक्षित वर्ग के आवेदकों को प्राथमिकता दी जावेगी।
2. **कम्प्यूटर आपरेटर** – स्नातक उपाधि/कम्प्यूटर डिप्लोमा/डिग्री के साथ फील्ड वर्क/शोध परियोजना/कम्प्यूटर कार्य का अनुभव।

प्रोजेक्ट कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में किया जावेगा। निर्धारित फील्ड कार्य दिवस हेतु विश्वविद्यालय के नियमानुसार/पात्रतानुसार समकक्ष श्रेणी का यात्रा भत्ते का भुगतान किया जावेगा। प्रोजेक्ट कार्य हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं की सुरक्षा एवं जिम्मेदारी पर कार्य की सहमति की घोषणा करना आवश्यक है।

प्रोजेक्ट कार्य में संतुष्टि के आधार पर ही सेवा अवधि में वृद्धि की जा सकेगी। किसी भी प्रकार से असंतोषजनक, अमर्यादित, कार्य अवहेलना या शिकायत होने पर बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा समाप्त कर दी जावेगी। प्रोजेक्ट कार्य एवं प्रोजेक्ट की निरन्तरता तथा बजट उपलब्धता विश्वविद्यालय प्रशासन के निर्णय अनुसार ही निरन्तर जारी रहेगी, तद्नुसार ही प्रोजेक्ट स्टॉफ की सेवाएँ भी रहेगी।

उपरोक्त प्रोजेक्ट स्टॉफ की सेवाएँ केवल प्रोजेक्ट कार्य हेतु है और इनके आधार पर विश्वविद्यालय पर वित्तीय सहित अन्य किसी भी प्रकार का भार/दायित्व नहीं रहेगा।

प्रोजेक्ट स्टॉफ हेतु इच्छुक व्यक्ति अपने आवेदन कुलसचिव, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को दिनांक 20.03.2023 तक भेज सकते हैं।

कुलसचिव

Dr. Ambedkar Nagar (Mhow)-453441 Dist-Indore (MP)
Phone No. : (07324) 273186(O), Fax : 273645

**Dr. B. R. Ambedkar University of Social Sciences**
**(State University, Government of M.P.)**
डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय
(राज्य विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश शासन)

## "पिछड़े वर्गों का सामाजिक–आर्थिक, शैक्षणिक एवं राजनैतिक एवं पिछड़ेपन के कारणों हेतु सर्वेक्षण" शोध परियोजना

## आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदित पद का नाम : ————————————————

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक का नाम | : |
| 2 | आवेदक के माता एवं पिता का नाम | : |
| 3 | जन्म तिथि | : |
| 4 | श्रेणी (अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति) | : |
| 5 | स्थाई पता | : |
| 6 | वर्तमान पता | : |
| 7 | आधार कार्ड क्रमांक | : |
| 8 | मोबाईल नम्बर | : |
| 9 | ई–मेल आई.डी. | : |
| 10 | शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता | : |
| 11 | कार्यानुभव / शोध कार्य | : |
| 12 | आवेदक के संदर्भ हेतु किन्हीं दो प्रतिष्ठित / सेवा में कार्यरत पदाधिकारी के नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर एवं ईमेल जो आवेदक को जानते हो। | : |

## घोषणा – पत्र

मैं ———————————— सत्य घोषणा करता / करती हूँ कि उपरोक्त दी गयी समस्त जानकारी एवं प्रमाण पत्र मेरे द्वारा सही एवं स्व–प्रमाणित है। मेरे द्वारा परियोजना संबंधी सभी शर्तें ध्यान से पढ़ एवं समझ ली है और मुझे मान्य हैं। मेरे द्वारा परियोजना में कार्य करने के दौरान अन्य किसी संस्था / कार्यालय से कोई फेलोशिप / मानदेय / वेतन नहीं लिया जाकर, मैं पूर्णतः प्रोजेक्ट एवं फील्ड कार्य हेतु उपलब्ध रहूँगा / रहूँगी।

स्थान :

दिनांक : आवेदक के हस्ताक्षर

(नोट – आवेदन के साथ विस्तृत बायोडाटा भी भेज सकते हैं।)

Dr. Ambedkar Nagar (Mhow)-453441 Dist-Indore (MP)
Phone No. : (07324) 273186(O), Fax : 273645